EESL द्वारा शुरू किया गया सुपर-एफिशियंट एयर कंडीशनिंग प्रोग्राम

drishtiias.com/hindi/printpdf/super-efficient-air-conditioning-programme-launched-by-eesl

चर्चा में क्यों?

हाल ही में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के तहत चार राष्ट्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के संयुक्त उपक्रम 'एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज़ लिमिटेड (Energy Efficiency Services Limited-EESL)' ने आवासीय और संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए सुपर-एफिशियंट एयर कंडीशनिंग प्रोग्राम (Super-Efficient Air Conditioning Programme) की शुरुआत की गई।

- ये सुपर-एफिशियंट एयर कंडीशनर पहले की अपेक्षा 40% से अधिक की क्षमता से युक्त हैं, लेकिन वर्तमान में बाज़ार में उपलब्ध 3-स्टार एयर कंडीशनर की तुलना में इसकी कीमत अधिक है।
- ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने के अलावा यह सुपर- एफिशियंट एयर कंडीशनिंग प्रोग्राम, ऊर्जा सुरक्षा और स्थिरता में सक्षम बनाकर बिजली की अत्यधिक मांग को कम करने में भी मदद करेगा।
- इस कार्यक्रम के माध्यम से 2032 तक भारत में लगभग चार गुना ऊर्जा की खपत में वृद्धि की संभावना को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हुए किगाली और पेरिस समझौतों के तहत भारत को लक्ष्यों की प्राप्ति में भी सक्षम बनायेगा।

एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज़ लिमिटेड
Energy Efficiency Services Limited

- EESL, चार राष्ट्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों NTPC लिमिटेड, पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (PFC), ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लिमिटेड (Rural Electrification Corporation-REC) और पॉवरग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (POWERGRID) का एक संयुक्त उपक्रम है। इसे ऊर्जा मंत्रालय के अधीन स्थापित किया गया था।
- इसका उद्देश्य कुशल और परिवर्तनकारी समाधानों द्वारा बाजार तक पहुँच बनाकर सभी हितधारकों को सफलता प्राप्त करने में मदद करना है।
- EESL ने देश में आत्मनिर्भर वाणिज्यिक मॉडल के माध्यम से 29 करोड़ से अधिक LED (Light Emitting Diode) बल्ब तथा 50 लाख एलईडी स्ट्रीटलाइट का वितरण किया है।
- इसका उद्देश्य अपने पोर्टफोलियो के विविधीकरण के लिए विदेशी बाज़ार में नए अवसरों का पता लगाना है। EESL ने ब्रिटेन, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में अपना परिचालन शुरू कर दिया है।

यह कार्यक्रम वैश्विक पर्यावरण सुविधा (Global Environment Facility-GEF) से प्राप्त अनुदान द्वारा आंशिक रूप से समर्थित है। इसके अलावा, एशियाई विकास बैंक (ADB) आवश्यक अनुदान सहायता और ऋण प्रदान कर रहा है, जबकि संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme-UNEP) सुपर- एफिशियंट एयर कंडीशनिंग प्रोग्राम को तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है।

स्रोत – **PIB**